राजस्थान
Rajasthan

# बहरोड़ खाद्य विभाग की कार्रवाई: नकली मावा और कलाकंद नष्ट करवाया



**बहरोड़:** जिले के नीमराना में मंगलवार को खाद्य विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए सैकड़ों किलो कलाकंद व मिलावटी मावा नष्ट करवाया. खाद्य विभाग के अधिकारी हेमंत यादव ने बताया कि दीपावली का त्योहार होने के कारण राज्य सरकार के निर्देश पर पूरे प्रदेश में मिलावट के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है. जिस पर बहरोड़ नीमराना में विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है.

मंगलवार को नीमराना के जनकसिंहपुरा गांव में सूचना मिली कि भारी मात्रा में मिलावटी मिठाइयां बनाई जा रही हैं. मौके पर कारखाने से भारी मात्रा में नकली मावा और कलाकंद बरामद की गई. विभाग ने कार्रवाई करते हुए 50 किलो कलाकंद, 50 किलो मिलावटी मावा नष्ट कराया. कलाकंद सूजी और रिफाइंड से बनाया जा रहा था. टीम की कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/action-of-food-department-in-behror-fake-mawa-and-kalakand-destroyed-rajasthan-news-rjs24101504809